## आज का राशिफल
### 03 फरवरी 2024

**विक्रम संवत** 2080, **शक संवत** 1945। **ऋतु** : शिशिर। सूर्य उत्तरायण। **मास** : माघ, **पक्ष** : कृष्ण, **तिथि** : अष्टमी 17:21 बजे समाप्त। **नक्षत्र** : विशाखा अहोरात्र। **योग** : गंड 12:51 बजे समाप्त। **करण** : कौलव 17:21 बजे तक, तदनंतर तैतिल 05:42 बजे प्रातः में समाप्त। **सूर्य** : मकर राशि में। **चंद्रमा** : तुला राशि में रात्रि में 01:04 बजे तक, तदुपरांत वृश्चिक राशि में। **दिशाशूल** : पूर्व।

**मेष** : लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। पदोन्नति की संभावना है।

**वृष** : आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। चल-अचल सम्पत्ति में वृद्धि होगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी।

**मिथुन** : अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेगी। प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे।

**कर्क** : श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी।

**सिंह** : अपने काम को प्राथमिकता से करें। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वभाव में सौम्यता से मदद होगा। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी।

**कन्या** : समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। दिमाग में निर्मूल तर्क पैदा होंगे। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी।

**तुला** : जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र है। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी।

**वृश्चिक** : परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं। शांतिपूर्वक कार्य करें, जान है तो जहान है अतः वाहन आदि चलाने में सावधानी बरतें।

**धनु** : मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। स्वयं पर विश्वास कार्यों की सिद्धि है। घर तथा व्यवसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं। कार्य स्थल पर नियमपूर्वक व्यवहार लाभकारी होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**मकर** : धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मन में चंचलता बढ़ेगी। भावुकतावश निर्णय न लें। कर्ज देने से बचें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। कला क्षेत्र में मेहनत के बाद सफलता मिलेगी।

**कुंभ** : सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा। मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं। आर्थिक योजनाएं फलित होंगी। स्त्री, संतान, मित्र के साथ मनोविनोद बढ़ेगे। बकाया धन की प्राप्ति के योग हैं।

**मीन** : उत्साह में वृद्धि होगी। आलस्य का त्याग करें। नये आय के स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। लम्बे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता हैं। व्यवसायिक क्षेत्र में आपकी मेहनत व लगन की परीक्षा होगी।

### डीएसपीएमयू में आयोजित राज्य स्तरीय संवादात्मक कार्यशाला में बोलीं उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग की निदेशक गरिमा सिंह

# अनुसंधान को बढ़ावा देने को इंस्ट्रुमेंटेशन सुविधा केंद्र स्थापित करने का है प्रयास

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग की निदेशक गरिमा सिंह ने कहा कि झारखंड काउंसिल ऑन साइंस, टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन को विभिन्न गतिविधियों पर परामर्श देने के लिए राज्य विज्ञान सलाहकार बोर्ड का गठन किया गया है। राज्य में विज्ञान और प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने, राज्य के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी नीति तैयार करने और राज्य की विज्ञान और प्रौद्योगिकी आवश्यकताओं की पहचान करने के लिए यह बोर्ड कार्य करेगा। उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव इस बोर्ड के अध्यक्ष होंगे। गरिमा सिंह डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा झारखंड के उच्च और तकनीकी शिक्षा संस्थानों के बीच विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के लिए आयोजित राज्य स्तरीय संवादात्मक कार्यशाला के समापन दिवस के प्रारंभिक सत्र को संबोधित कर रही थीं।

उन्होंने कहा कि अनुसंधान गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए डीएसपीएमयू में सेंट्रल इंस्ट्रुमेंटेशन सुविधा केंद्र स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। यह केंद्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अनुसंधान कार्य को बढ़ावा देगा। उन्होंने कहा कि उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में शिक्षकों को शोधकार्य के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है। विज्ञान में अनुसंधान सहायता की राशि अधिकतम पांच लाख रुपये तक हो सकती है। इसी प्रकार मानविकी, सामाजिक विज्ञान, भाषा, साहित्य, कला, कानून और संबद्ध विषयों में अनुसंधान परियोजना के लिए वित्तीय सहायता की अधिकतम



राशि तीन लाख रुपये तक हो सकती है। उन्होंने बताया कि छात्रों के बीच वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने के लिए खाद्य और स्वास्थ्य और दैनिक जीवन में मशीनें थीम वाली 02 मोबाइल विज्ञान प्रदर्शनी बसें वर्तमान में स्कूलों में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने के लिए राज्यों में घूम रही हैं।

इसके पूर्व डीएसपीएमयू के वीसी तपन कुमार शांडिल्य ने इस सत्र के विशेषज्ञों डॉ डीके सिंह , उमेश कुमार शर्मा , डॉ अनिल कुमार, राजेंद्र मुथा और सूरज प्रकाश को सम्मानित करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यशालाओं में इन विशेषज्ञों के द्वारा प्रकट निष्कर्ष नए अनुसंधान की दिशा काफी उपयोगी साबित होंगे। अनुसंधान एवं विकास परिणामों की सुरक्षा में बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) की भूमिका पर बोलते हुए, सीएसआईआर-टीकेडीएल के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि आईपीआर किसी की रचनात्मकता और आविष्कारों की रक्षा करते हैं। भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के बारे में बात करते हुए उन्होंने पारंपरिक ज्ञान डिजिटल लाइब्रेरी के बारे में जानकारी दी, जो वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) और आयुष मंत्रालय के संयुक्त सहयोग के तहत एक महत्त्वपूर्ण पहल है। इसका उद्देश्य दुनिया भर के पेटेंट कार्यालयों में भारतीय पारंपरिक ज्ञान की रक्षा करना है। आईआईटी मद्रास के मुख्य परिचालन अधिकारी, राजेंद्र मूथा ने कहा कि उद्योगों के सहयोग से अंतःविषय सहयोग को सुविधाजनक बनाने और वास्तविक दुनिया की चुनौतियों पर केंद्रित अनुसंधान केंद्र स्थापित करने पर ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने छात्रों को उद्यमिता और स्टार्टअप के लिए प्रेरित करने वाले अनुसंधान पार्कों के बारे में भी बात की। सूरज प्रकाश, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, टेक्समिन, आईआईटी-आईएसएम धनबाद ने तकनीकी शिक्षा संस्थानों में अत्याधुनिक उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने के तरीके विषय पर एक सत्र लिया। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) द्वारा आपदा प्रबंधन के बारे में भी बात की। डॉ. उमेश कुमार शर्मा, वैज्ञानिक एफ, डीएसटी, भारत सरकार ने उच्च और तकनीकी शिक्षा में अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार की योजनाओं पर बात की। डॉ. प्रवाकर मोहंती, वैज्ञानिक ई, डीएसटी, भारत सरकार ने अनुसंधान एवं विकास अनुदान के अवसरों के बारे में बात की। डॉ. प्रियांक कुमार, प्रभारी प्रोफेसर, अंतरिक्ष इंजीनियरिंग और रॉकेट्री विभाग, बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ने अनुसंधान परियोजनाओं के लिए अनुदान कैसे सुरक्षित करें विषय पर व्याख्यान दिया। डा. शमा सोनाली, डा. सुची सन्तोष बरवार एवं डा. शालिनी लाल ने संयुक्त रूप से मंच संचालन किया।

## कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में पुरस्कार वितरण संपन्न



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कैंब्रियन पब्लिक स्कूल कांके रोड में शुक्रवार को चिन्मय मिशन रांची द्वारा प्रायोजित गीता पाठ प्रतियोगिता में सफल विद्यार्थियों के बीच पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। विद्यालय स्तरीय, नगर स्तरीय एवं जिला स्तरीय यह प्रतियोगिता चार वर्गों में विभाजित थी, जिसमें विद्यालय के कुल 1005 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता में कुल 57 छात्रों ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। नगर स्तरीय प्रतियोगिता में चार छात्रों ने प्रथम, चार छात्रों ने द्वितीय, चार छात्रों ने तृतीय एवं 15 छात्रों ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में कक्षा पांचवीं की छात्रा लेख्या गुरुमूर्ति ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। मौके पर प्राचार्या डॉ नीता पांडेय ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि गीता पाठ से एकाग्रता एवं आत्मबल की वृद्धि होती है। चीफ कोऑर्डिनेटर श्रीमती आशा राज ने कहा कि गीता पाठ आत्मनियंत्रण में सहायक होता है।

## शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने को नेताओं को करनी पड़ी काफी मशक्कत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए कांग्रेस,जेएमएम के कई नेताओं को काफी मशक्कत करनी पड़ी। कांग्रेस नेता विनय सिंह दीपू, केशव महतो कमलेश और जेएमएम के जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम को काफी मशक्कत करते देखा गया। जैसे ही वे राज भवन की एंट्री गेट पर पहुंचे सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें रोका लेकिन विनय सिंह दीपू अपने आप को बताते रहे कि मैं कांग्रेस का वरिष्ठ नेता हूं लेकिन सुरक्षाकर्मियों ने एक न सुनी। लगभग आधे घंटे इंतजार के बाद उन्होंने आलमगीर आलम से सुरक्षा कर्मियों की बात कराई तब जाकर उन्हें अंदर जाने दिया गया।

यही हाल पूर्व विधायक केशव महतो कमलेश का रहा वह अपने आप को बताते रहे कि मुझे राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त है। लेकिन सुरक्षाकर्मी मानने को तैयार नहीं थे अंततः काफी इंतजार के बाद उन्हें अंदर जाने दिया गया। इधर झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम को भी सुरक्षा गार्ड्स ने अंदर जाने से रोक दिया । लेकिन वह शांती से वापस आ गए और अपनी इज्जत बचाने के लिए कार्यकर्ताओं से कहने लगे कि मैं अंदर जाना नहीं चाहता हूं, मैं कार्यकताओं के साथ रहना चाहता हूं इसलिए मैं वापस आ गया।

## खबर एक नजर में

### सेवानिवृत्त होकर घर पहुंचे फौजी का हुआ अभिनंदन



**रांची।** पिठोरिया के गांव हुंदुर में जन्मे सैनिक दयाशंकर महतो सेवानिवृत्ति के बाद घर लौटे, तो ग्रामीणों ने उनका शानदार अभिनंदन किया। इन दिनों दयाशंकर केरल के कोचिन में तैनात थे। यहां से सेवानिवृत्त होकर वह घर आये, तो लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। दयाशंकर के परिवार में देशभक्ति का जज्बा कूट कूटकर भरा हुआ है। उनके परिवार के कई सदस्य सेना में हैं। रिटायर्ड फौजी शिबू महतो के पुत्र दयाशंकर महतो वर्ष 2008 में सेना में भर्ती हुए थे। करीब 16 वर्ष देश सेवा करने के बाद शुक्रवार को रिटायरमेंट ले कर वह गांव आये।

### कविता एवं कहानी वाचन प्रतियोगिता का आयोजन

**रांची।** गुरुनानक हायर सेकेण्डरी स्कूल मे शुक्रवार को कक्षा नर्सरी से द्वितीय वर्ग के बच्चों के लिए अंग्रेजी कविता एवं कहानी वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान नन्हे नन्हे बच्चों ने उत्साह पूर्वक जानवरो ,रिश्ते और प्रकृति पर दिलचस्प कविताएँ सुनाई। बच्चों ने अपने शुद्ध उच्चारण से श्रोताओं को मंत्र मुक्त कर दियो बच्चों की कविताओं की शैली, धाराप्रवाहिता,शब्दों के उच्चारण ,एवं समग्र प्रस्तुति को देखकर विजेताओं का चयन किया गया। इस मौके पर ईशविंदर चड्डा, अमृत कौर, सतमीत कौर एवम तरवीन कौर ने निर्णायक की भूमिका निभाई। विधालय की प्रधानाचार्या डा. कैप्टन सुमित कौर, उप प्रधानाचार्या सोनिया कौर एवम मुख्याध्यापिका हरप्रीत कौर ने बच्चों एवम शिक्षिकाओं का उत्साहवर्धन किया जिनके प्रयास से ये कार्यक्रम सफल हुआ।

### गोस्सनर कॉलेज में आर्ट एंड क्राफ्ट कार्यशाला संपन्न

**रांची।** गोस्सनर कॉलेज तथा पिडिलाइट के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को एक दिवसीय आर्ट एंड क्राफ्ट वर्कशॉप का आयोजन कॉलेज ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यशाला की शुरूवात संयोजक प्रो दिव्या कोनगाड़ी द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि आज के समय में युवाओं का रुझान आर्ट एंड क्राफ्ट में काफी बढ़ा है। कैरियर तथा कमाई के जरिए से भी यह क्षेत्र काफी तेजी से आगे बढ़ रहा है। गोस्सनर कॉलेज विद्यार्थियों को उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से इस तरह के कार्यशाला को संचालित कर रहा है। इस अवसर पर प्रो इंचार्ज प्रो एलानी पूर्ति, बर्सर प्रो प्रवीण सुरीन, डॉ सुब्रतो कु सिन्हा, प्रो अनुज कुमार, प्रो महिमा गोल्डेन सहित विभिन्न विभागों के 48 विद्यार्थी शामिल हुए।

### सुतियाम्बे बस्ती में फ्री हेल्थ कैंप का आयोजन

**रांची।** सीसीएल जन आरोग्य केंद्र ने शुक्रवार को रांची के सुतियाम्बे बस्ती में निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में 207 ग्रामीणों की एनीमिया (खून की कमी) की जांच की गयी। जिसमें एनीमिया से पीड़ित 22, उच्च रक्तचाप के 43 और मधुमेह (डायबिटीज) के मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें चिकित्सीय परामर्श देते हुए निःशुल्क दवाएं दी गयीं। इस अवसर पर सीएमएस (इंचार्ज), सीसीएल डॉ रत्नेश जैन, सीएमओ डॉ प्रीती तिग्गा, सीएसआर इंचार्ज डॉ शशिकांत प्रसाद, डॉ अनीता होरो, डॉ रजनी कुजूर, डॉ शिखा व अन्य पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित थे।

### सिस्टर डुंगडुंग की कमीशन फॉर इकोलॉजी में सचिव के रूप में नियुक्ति

**रांची।** सिस्टर जोनिता डुंगडुंग की सीसीबीआई के कमीशन फॉर इकोलॉजी के सचिव के रूप में नियुक्ति किया गया। सीसीबीआई के कमीशन फॉर इकोलॉजी जिसके अध्यक्ष डाल्टनगंज के बिशप थेयोदोर मस्कारेन्हास हैं, उसी कमीशन में उरुसुलाइन धर्मसमाज, रांची प्रोविंस की सिस्टर जोनिता डुंगडुंग (38)को सचिव के रूप में नियुक्त किया गया है।

### 5 फरवरी को होगा विशाल प्रदर्शन : पुष्कर महतो

**रांची।** बेहतर राज्य के लिए एवं आंदोलनकारियों के अधिकारों की रक्षा के लिए तथा झारखंड को अस्थिर करने वाले शक्तियों के खिलाफ 5 फरवरी 2024 को राजभवन के समक्ष आंदोलनकारियों का विशाल प्रदर्शन व उलगुलान टू का आगाज किया जाएगा। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक व प्रधान सचिव पुष्कर महतो, भुवनेश्वर केवट,केंद्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह, केंद्रीय सचिव अली हसन, संयोजक रोजलीन तिर्की, सरोजनी कच्छप, इजहार राही, पुष्पा बरदेवा इसरार अंसारी ने शुक्रवार को डोरंडा स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहीं।

### टेरर फंडिंग के आरोपी की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** एनआइए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत ने टेरर फंडिंग मामले में जेल में बंद कुख्यात माओवादी छोटू खेरवार उर्फ छोटू सिंह की पत्नी ललिता देवी की जमानत याचिका सुनवाई के बाद खारिज कर दी है। वह 17 नवंबर 2019 से जेल में है।

### चाची की हत्या के दोषी को उम्रकैद की सजा

**रांची।** अपर न्यायायुक्त एसएम शाहजाद की अदालत ने चाची की हत्या करने के जुर्म में दोषी युवक चुमनू उरांव को उम्र कैद की सजा सुनाई है। साथ ही, अभियुक्त पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। अभियुक्त लापुंग थाना क्षेत्र के लतरातू डेलोटोली निवासी है।

## चैंबर भवन में भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी के साथ इंडक्शन प्रोग्राम के तहत हुई बैठक



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआइ) कार्यालय में शुक्रवार को भारतीय विदेश सेवा के बैच अधिकारी स्वाति संदीप ने इंडक्शन प्रोग्राम के तहत चैंबर के पदाधिकारियों संग बैठक की। इस बैठक में कर, उद्योग, व्यापार, पर्यटन और प्रवासी मामलों पर चर्चा की गई। इस दौरान सदस्यों द्वारा कहा गया कि भारत में निर्धारित समयावधि में तीव्र गति से 5 ट्रिलियन अमरीकी डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को हासिल करने के लिए माल और सेवाएं दोनों स्तरों पर निर्यात को बढ़ावा देना बेहद जरूरी है। ईज ऑफ डुइंग बिजनेस को बढ़ावा देने के लिए नीति, नियामक और परिचालन ढांचे से संबंधित घरेलू और विदेशी बाधाओं को भी व्यवस्थित तरीके से दूर करने की जरूरत है। झारखंड चैंबर द्वारा पिछले वर्ष श्रीलंका दौरे की जानकारी देते हुए चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने झारखंड से विदेशों में व्यापार के अवसर को बढ़ाने के लिए झारखंड चैंबर और अन्य देशों के बीच समन्वय बैठकों के आयोजन को भी जरूरी बताया।

महासचिव परेश गप्तानी और कार्यकारिणी सदस्य रोहित पोद्दार ने संयुक्त रूप से कहा कि प्रदेश में विभिन्न प्रकार के उत्पादों और सेवाओं के निर्यात के पर्याप्त अवसर हैं। किंतु राज्य में डीजीएफटी कार्यालय की अनुपलब्धता और निर्यात संवर्धन परिषद् (इपीसी) से अपेक्षित सहयोग की कमी के कारण आयात/निर्यात व्यापार से जुड़े स्टेकहोल्डर्स को अपना व्यापार सुचारू रूप से चलाने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। जरूरी है कि रांची में डीजीएफटी कार्यालय की स्थापना की जाये। अंतर्राष्ट्रीय निवेश को बढ़ावा देने के लिए सह सचिव शैलेष अग्रवाल ने बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से अंतर्राष्ट्रीय विमान सेवा शुरू करने को जरूरी बताया।

भारतीय विदेश सेवा की अधिकारी स्वाति संदीप ने आश्वस्त किया है कि झारखंड में व्यापार और उद्योग के विकास के लिए चैंबर की ओर से दिये गये सभी सुझावों को मंत्रालय के समक्ष रखा जायेगा। स्वाति चतरा की निवासी हैं। चैंबर भवन में हुई इस बैठक में झारखंड सरकार के कार्मिक, प्रशासनिक सुधार विभाग की प्रशाखा अधिकारी मनीषा कुमारी, कृष्ण कुमार वर्मा, स्वाति संदीप के पिता भी उपस्थित थे। बैठक में चैंबर उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव अमित शर्मा, शैलेष अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ज्योति कुमारी, कार्यकारिणी सदस्य रोहित पोद्दार, उप समिति चेयरमैन नितेश शारडा, विकास झाझरिया, किशन अग्रवाल, मोइन अख्तर उपस्थित थे।

## वाईबीएन विवि में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का हुआ शुभारंभ



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के प्रसिद्ध निजी विश्वविद्यालय में से एक वाईबीएन विश्वविद्यालय में आर्ट्स एंड ह्यूमिनिटीज संकाय द्वारा 2 और 3 फरवरी को दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसका शुभारंभ शुक्रवार (2 फरवरी) को हुआ। सम्मेलन की शुरुआत डॉ रश्मि और जाह्नवी सौम्या के स्वागत भाषण से हुई। तत्पश्चात दीप प्रज्वलन किया गया और पुष्प गुच्छ देकर अतिथियों को सम्मानित किया गया। इस सम्मेलन में डॉ स्नेहल परमार स्पांसर निस्वार्थ चिल्ड्रेन फाउंडेशन यूएसए अमेरिका व इंडिया हेड एंड सीइओ विशिष्ट अतिथि थे। इस दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में इनका बहुमूल्य योगदान है। इस सम्मेलन का टॉपिक वैश्विक संदर्भ में बहुविषयक अनुसंधान : नैतिकता, चुनौतियां और अवसर है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर चेयरमैन रामजी यादव सहित विद्वत जनों, शिक्षाविद्धों, गुणी शोधार्थियों का साक्षी बना। कार्यक्रम के उद्घाटन संबोधन में विश्वविद्यालय के कुलपति (प्रभार) प्रो (डॉ) नरेश कुमार गुप्ता ने सभी का आभार प्रकट करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सापेक्ष में बहुआयामी प्रयास के तहत अनुसंधान एवं नवाचार को प्राथमिकता देने की बात रखी। इस अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेस में जाने-माने विद्वानों ने अपने बहुमूल्य व्याख्यान तथा शोध अनुभवों को साझा किया। इस अवसर पर कांफ्रेस संयोजक डॉ आरती गुप्ता ने कहा कि बहु-विषयक अनुसंधान के क्षेत्र में पिछले कुछ दशकों में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं, विशेषकर वैश्वीकरण के संदर्भ में। इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में हमारा लक्ष्य वैश्विक संदर्भ में इसका पता लगाना है।

## सेवा जागरूकता मंच ने किया सम्मान समारोह का आयोजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** सेवा जागरूकता मंच द्वारा सम्मान-समारोह सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत माँ भारती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा भारती के न्यासी गुरुसरण प्रसाद ,एनएन पाण्डे (आईएएस ),गोपाल सिंह (पूर्व चेयरमैन कोल इंडिया), शम्भु ठाकुर ( सेवानिवृत्त आईपीएस),जयनन्दू जी (पूर्व चैयरमैन खादी ग्रामोद्योग बोर्ड),शिवेंद्र सिंह ( सेवानिवृत आईएएस), बीएन पांडेय( पूर्व चेयरमैन जेएसईबी),एके सिंह( सेवानिवृत्त डिस्टिक जज, वैद्या साहब (प्रख्यात टेक्नोक्रेट), ऋषि पाण्डे (प्रदेश सचिव ,सेवा भारती), अवधेश सिंह (पूर्व डीएसपी), बृजकिशोर राम(आल इंडिया एससी,एसटी ,ओबीसी काउंसिल अध्यक्ष)। ललन सिंह ( सदस्य , सीसीएल कन्सल्टेटिव कमेटी ), खेदन महतो (निदेशक कॉपरेटिव बैंक )आदि गणमान्य लोगों ने पुष्प अर्पित किया ।

इस मौके पर सेवा जागरूकता मंच के अध्यक्ष कोल इंडिया के पूर्व चेयरमैन गोपाल सिंह ने अपने संबोधन में मंच की पृष्टभूमि से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि मंच एक गैर-राजनीतिक संगठन है जिसका उदेश्य ग्रामीणों, गरीबों, श्रमिकों, किसानो, शोषितो, उपेक्षितों, वंचितो एवं जरूरतमंदो की सेवा करना एवं उन्हे जागरूक करना है, ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। उन्होंने कहा कि समाज की ज्वलंत -समस्याओं का हल ढूढने के लिए समय समय पर मंच अपने सहयोगियों के साथ मिल कर अभियान चलाता है। इसी कड़ी में अभी कोयलांचल बचाओ अभियान चल रहा है। जिसका लक्ष्य कोयलांचल को बचाना, ग्रीन कोल का उत्पादन बढ़ाना ताकि राष्ट्र आत्मनिर्भर हो सके। कार्यक्रम में बोलते हुए एनएन पाण्डे ने कहा कि देश के लिए कोयला उत्पादन जरूरी है लेकिन पर्यावरण के संरक्षण को ध्यान में रखते हुए किया जाना देशहित में होगा। प्रमुख न्यासी गुरुशरण प्रसाद ने कहा कि हर संभव मदद की जायेगी ताकि देश हित में कोयला उत्पादन के साथ साथ आम जनता का भला हो। ब्रजकिशोर राम ने कोयलांचल की समस्याओं पर गहनता से प्रकाश डाला। वहीं कार्यक्रम में ललन सिंह, खेदन महतो, विस्थापित मोर्चा के उपाध्यक्ष इकबाल अहमद, प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र सोरेन, सचिव अमरकांत, कोषध्यक्ष कुबेर सिंह, मनोज सिंह, एवं मंच के मीडिया प्रभारी संजय ओझा ने कोयलांचल की समस्याओं पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार दैनिक हिंदुस्तान के संपादक चंदन मिश्रा एवं धन्यवाद ज्ञापन सेवा जागरूकता मंच के मीडिया प्रभारी संजय ओझा ने किया। कार्यक्रम में पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया।

## जस्टिस प्रदीप कुमार श्रीवास्तव को दिलायी गयी शपथ

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस प्रदीप कुमार श्रीवास्तव की नियुक्ति को स्थायी किया गया। शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में जस्टिस प्रदीप कुमार श्रीवास्तव को एक्टिंग चीफ जस्टिस श्री चंद्रशेखर ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। इस मौके पर सभी न्यायधीशगण सहित हाईकोर्ट के वरीय अधिवक्ता राजनंदन सहाय, राजीव शर्मा, विजय प्रताप सिंह, रितु कुमार, धीरज कुमार, मुकेश सिन्हा, अशोक कुमार, आकाश दीप सहित अन्य लोग मौजूद थे। बता दें कि दो दिन पहले न्यायाधीश जस्टिस प्रदीप कुमार श्रीवास्तव को स्थायी जज बनाये जाने की अधिसूचना विधि मंत्रालय भारत सरकार ने जारी किया था।

## 52 फीसदी हिस्सेदारी मिलने तक लड़ाई रहेगी जारी : मोर्चा



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** अपने हक और अधिकार की लड़ाई में मैं शहीद जगदेव प्रसाद जी को बातों को आत्मसात कर निकल पड़ा हूं और जब तक ओबीसी को जनसंख्या अनुपात में 52% की हिस्सेदारी नहीं मिलेगी तब तक राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के बढ़ते कदम रुकेगा नहीं। उपरोक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने प्रदेश कार्यालय में अमर शहीद जगदेव प्रसाद जी के 102वी जयंती पर उनके तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित करने के पश्चात कही। श्री गुप्ता ने उनके संघर्षों को याद करते हुए कहा कि अमर शहीद जगदेव प्रसाद ने बरसों पूर्व कहा था कि भारतीय समाज साफ तौर से दो भागों में बांटा हुआ है 10% शोषक और 90% शोषित इज्जत और रोटी की यह लड़ाई भारत में समाजवाद की असली लड़ाई है जो भारत का असली वर्ग संघर्ष है। उन्होंने कहा था कि संघर्ष की इस लड़ाई में पहली पीढ़ी के लोग मारे जाएंगे, दूसरी पीढ़ी के लोग जेल जाएंगे और तीसरी पीढ़ी अंततः राज करेगी।

स्पीड न्यूज

## प्रभात भूषण सिंह ने नामकुम सीओ का पदभार संभाला



**नामकुम।** शुक्रवार को नव पदस्थापित अंचल अधिकारी प्रभात भूषण सिंह ने नामकुम अंचल कार्यालय में पदभार संभाला। इस अवसर पर प्रमुख आषा कच्छप और उपप्रमुख वीणा देवी ने बुके देकर श्री, सिंह का स्वागत किया। मौके पर अंचल अधिकारी ने कहा कि अंचल की विसंगतियों को दुर कर आम लोगों को राहत देना उनकी प्राथमिकता होगी। उनका प्रयास होगा की ससमय सभी कार्य कर दिया जाए जिससे लोगों को परेषान नही होना पडे। मौके पर अंचल निरिक्षक श्रवण झा,विधायक प्रतिनिधि माधो कच्छप,प्रदीप लकडा,धर्मवीर सिंह सहित अंचल के कर्मचारीगण मौजूद थे।

## इटकी : मवेशी लदा पिकअप वैन पलटी

**इटकी।** इटकी थाना क्षेत्र के पावर हाउस के समीप शुक्रवार की सुबह मवेशी लदा पिकअप वैन पलट गयी। जिससे दो मवेशी घायल हो गये। दुर्घटना में पिकअप का चारो पहिया ऊपर हो गया था और सभी मवेशी उसके डाला में दब गए थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल से दो मवेशी व पिकअप को कब्जे में कर थाना ले आयी। पशु चिकित्सक से मवेशियों का इलाज कराया गया। घटना प्रातः करीब 6.45 बजे की है। जानकारी के अनुसार मालवाहक पिकअप वैन मवेशी लेकर इटकी ब्राम्बे मार्ग से अपने गंतव्य की ओर जा रहा था। उस समय क्षेत्र में घंघोर कोहरा था इसी दौरान मालवाहक पिकअप वैन वहां पलट गया।

## झालसा ने चलाया विधिक जागरूकता अभियान

**नामकुम।** झालसा हाई कोर्ट और जिला विधिक सेवा प्राधिकार सिविल कोर्ट रांची के निर्देश पर शुक्रवार को नामकुम के ब्यांगडिह स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में लीगल क्लास का आयोजन किया गया। छात्राओं को बाल विवाह,बाल श्रमिक, हयूमन ट्रैफिकिंग,पोस्को एक्ट, दुस्कर्म, गुडटच बेडटच, सड़क दुघर्टना, नशा मुक्ति, डायन प्रथा को लेकर उन्हें जागरूक किया गया।

# हाथियों से परेशान ग्रामीणों ने की सिल्ली-टाटा सड़क जाम

### वन विभाग पर लापरवाही का लगाया आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता

**सोनाहातू।** तमाड़ वन क्षेत्र अंतर्गत सोनाहातू प्रखंड के पूर्वी क्षेत्र में पिछले कई दिनों से लगातार जंगली हाथियों ने तांडव मचाया हुआ है। जिससे ग्रामीण परेशान हो गए हैं। इस आक्रोश में तिलाई पिड़ी के ग्रामीणों ने सुबह से सिल्ली-टाटा मुख्य मार्ग को तिलाई पिड़ी मोड़ के समीप जाम कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग की लापरवाही के कारण ऐसा हो रहा है। लगातार हाथियों के झुंड ने फसलों को नष्ट कर रहे हैं। वन विभाग की ओर से कोई एक्शन नहीं लिया जा रहा है। इससे किसान वर्ग के लोग हाथियों के झुंड से परेशान हैं। खेतों में लगे हुए फसल को नष्ट करने से आए दिन नुकसान का सामना करना पड़ रहा है, जिसका ना तो मुआवजा वन विभाग से दिया जा रहा है और ना कोई सुधि लेने वाला है। थक हारकर शुक्रवार की सुबह सभी ग्रामीण सड़क पर निकले और सड़क जाम किए हैं।



**वाहनों की लगी लंबी कतार**

ग्रामीणों का कहना है कि जब तक वन विभाग के वरीय पदाधिकारी मामले की संज्ञाम नहीं लेते हैं तब तक नहीं हटेंगे। हालांकि रोड के दोनों छोर पर 5 किलोमीटर वाहनों की लंबी कतार लग गई है। आवाजाही करने वाले यात्री परेशान हो रहे हैं। सड़क जाम की सूचना मिलते ही बीडीओ खगेश कुमार, थाना प्रभारी सतीश वर्णवाल, एसआई दलगोबिंद महतो, अभिमन्यु कुमार पूरी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझा बुझाकर सड़क जाम को हटवाया।

### जंगली हाथियों ने कई गांवों में मचाया उत्पात

**सोनाहातू।** प्रखंड के पूर्वी क्षेत्र तिलाई पिड़ी, जिलिंग सेरेंग, पंडाडीह, चोकाहातू और भुरसुडीह गांव में शुक्रवार रात को जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। भुरसुडीह गांव में गणेश महतो के घर का दो खिड़की और पंडाडीह गांव के नन्दो पुरान के घर को जंगली हाथियों का झुंड ने हमला कर घर को तोड़ दिया और घर में रखे चावलएधान को खाकर नष्ट कर दिया और परिवार वालों ने किसी तरह छत पर चढ़कर अपना जान बचाये। घटना के संबंध बताया जाता है कि रात लगभग 12 बजे रात में जंगली हाथियों का झुंड जंगल की तरफ से गाव पहुंचा। वही चोकाहतु गांव के धधी पुरान, श्रीहरि पुरान, चित्रसेन पुरान, राजेन पुरान, रोबिन पुरान, कांग्रेस पुरान, पंडाडीह गांव के मनसा पुरान, संजय सिंह मुंडा, तिलाई पिड़ी गांव के भरत महतो, भोलानाथ महतो, कमलाकांत महतो, तुलसी महतो और विश्वनाथ महतो के खेत में तैयार सब्जी आलू, मटर, टमाटर, बैगन, लौकी, गोभी, केला के फसल और खलयान में रखे थान को भी खाकर तहस नहस कर दिया। काफी मश्क्कत के बाद हाथियों को भगाया गया। रात में हाथी की दहशत के चलते प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों गाव के ग्रामीण रतजगा करने को विवश हैं।

# बीओआइ खलारी में चोरी का प्रयास, मामला दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र के खलारी रेलवे स्टेशन के नजदीक बैंक ऑफ इंडिया के शाखा पर अज्ञात चोरों के द्वारा सेंधमारी किया गया। हालांकि अज्ञात चोरों के द्वारा बैंक में सेंधमारी करने का प्रयास असफल रहा। जानकारी के अनुसार अज्ञात चोरों ने गुरुवार मध्य रात्रि में बैंक के पीछे के खिड़की तोड़ कर बैंक के अंदर घुस गए। शुक्रवार सुबह नौ बजे जब बैंककर्मी प्रतिदिन की तरह बैंक का ताला खोल कर अंदर घुसे तो पाया कि बैंक की एक खिड़की खुली है और ग्रील को तोड़ कर टेढ़ा पाया गया। साथ ही बैंक के बाथरूम की ओर का दरवाजा और अंदर के कमरे के दरवाजा का ताला टूटा था। जिसके बाद शाखा प्रबंधक द्वारा घटना की सूचना तत्काल खलारी पुलिस को दी गई। बैंक में चोरी करने आए चोर बैंक के बाहर लगे सभी सीसीटीवी कैमरा तोड़ दिए। चोरों ने बैंक के अंदर लगे सायरन का तार क्षतिग्रस्त कर दिया। चोरों द्वारा लॉकर में रखे स्ट्रांग रूम की चाभी की तलाशी में वर्किंग टेबल के सभी दराज को खोलकर खोजबीन किया गया है। चाभी नहीं मिलने के बाद भी चोर लाकर तक पहुंचने का पूरा प्रयास किए। स्ट्रांगरूम का हैंडल और प्लेट तोड़ दिए। लेकिन स्ट्रांग रूम खोलने में विफल रहे। दोपहर में बैंक के आंतरिक सुरक्षा अधिकारी खलारी पहुंचे और घटना की जांच किए। खलारी थाना में प्राथमिकी के लिए लिखित सूचना दी गई। वहीं बैंक की खिड़की के ग्रील को मरम्मत कराया गया।

**एक नजर में**

## जिला ग्रामीण भाजपा अध्यक्ष बनने पर सुरेंद्र महतो का स्वागत



**अनगड़ा।** प्रखंड के गोंदली पोखर बेड़वारी ग्राम निवासी सुरेन्द्र महतो को जिला ग्रामीण भाजपा का तीसरी बार अध्यक्ष बनाए जाने पर विकास निवासी सामाजिक कार्यकर्ता गुरुचरण सिंह ने होटल बाबा पैलेस में एक कार्यक्रम आयोजित कर उनके नाम का केक काट कर शॉल ओढ़ा कर तथा बुके भेंट कर सम्मानित किया। श्री सिंह ने आशा व्यक्त की है कि श्री महतो अपने तीसरे कार्यकाल में भाजपा के संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे जिससे आने वाले समय में भाजपा आलाकमान इन्हें क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने का भी मौका देगी। सम्मानित किए जाने के मौके पर जिप सदस्य राजेंद्र शाही मुंडा भाजपा ओबीसी मोर्चा के उपाध्यक्ष नरेश साहू भाजपा मंडल महामंत्री सुनील कुमार महतो अखिलेश शर्मा इत्यादि मौजूद थे।

# एफसी हजारीबाग लखटकिया चैंपियन

### हितजारा गांव में हुआ 53वां मिलन महोत्सव फुटबॉल टूर्नामेंट

खबर मन्त्र संवाददाता

**राहे।** हितजारा गांव में आयोजित 53 वां मिलन महोत्सव फुटबॉल टूर्नामेंट में एफसी हजारीबाग की टीम ने 1 लाख 21 हजार की राशि जीत कर चैम्पियन्स बना। फाइनल मुकाबले में मास्टर इलेवन जयपुर की टीम को ट्राब्रेकर से हरा कर 1 लाख 21 हजार की राशि पर कब्जा किया। विधायक सुदेश महतोए क्षेत्र मोहन महतो एएजगत महतो और गदाधर महतो ने संयुक्त रूप में विजेता टीम को पुरस्कार की राशि दिये। उप विजेता टीम को 81हजार दिया गया।तीसरे और चौथे स्थान के टीम को 25.25 हजार रुपये दिये गये। मौके पर अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी दिनेश महतोए संजय महतो क्षेत्र मोहन महतो लोवाहातु मुखिया रम्भवती देवी सोनाहातू मुखिया विकास सिंह मुंडा दिनेश कुमार महतो मनोरंजन महतो उमेश महतो उपानन्द यादव हरेन्द्र महतो करननाथ कृष्णा महतो जगदीश महतोए केदारनाथ महतो धीरज यादव महेंद्र महतो मुकुन्द अहीर उपस्थित थे। संचालन धनु नाग के द्वारा किया गया। मौके पर चौड़ल प्रदर्शनी में फुलवार की टीम प्रथम स्थान में रहा।



# अनगड़ा से चोरी गयी पिकअप वैन यूपी के बलिया से बरामद

**अनगड़ा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लुपुंग स्थित सुनील कुमार केसरी के घर के पास से चोरी गई खड़ी बोलेरो पिकअप वैन को अनगड़ा पुलिस ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश के बलिया से बरामद किया। पिकअप वैन की चोरी के आरोप में आदर्श नगर टाटीसिलवे थाना निवासी मंजीत कुमार सिंह, पिता सहोदर सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। ज्ञात हो कि 20 जनवरी की रात गोंदलीपोखर के व्यवसायी सुनील केसरी का बोलेरो पिकअप वैन जेएच01एसी 3993 चोरी हो गयी थी। इस मामले में अनगड़ा थाना में मामला दर्ज किया गया था। तकनीकी सेल के सहारे अनगड़ा पुलिस ने मंजीत को आदर्शनगर से उठाया। पूछताछ में उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। पिकअप को चोरी करने के बाद से रांची-रामगढ़ के रास्ते बलिया ले जाया गया था। इस क्रम में ओरमाझी स्थित टोल गेट में अपने मोबाईल से फास्ट टेक रिचार्ज करना चोर को महंगा पड़ा। उसी मोबाईल नंबर से चोरी गए पिकअप वैन को ट्रेस किया गया। अनगड़ा थाना की पुलिस थाना प्रभारी दिलेश्वर कुमार, एएसआई अमर सिंह के नेतृत्व में बलिया पहुंची। बलिया के बेरिया थाना के भीक्षा छपरा गांव के दियारा से पिकअप को बरामद किया गया।

## डकरा में कार्यरत सीसीएल कर्मी को दी गयी विदाई

**खलारी।** आरआर शॉप एनके एरिया डकरा में कार्यरत सीसीएल कर्मी को आरआर शॉप के कर्मियों ने विदाई दिया। इस दौरान सीसीएल कर्मी जगदीश चौहान को रिजनल रिपेयर शॉप के परियोजना पदाधिकारी अजित कुमार सिंह ने उन्हें बुकेए फूलमाला व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। उसके बाद अधिकारी एंव कर्मचारीयों ने फूलमाला और उपहार देकर सम्मानित किया। जगदीश चौहान 1989 में आर आर शॉप में ज्वानिंग किये थे। और आर आर शॉप में 35 वर्षो तक वेल्डर के पद पर योगदान दिया। मौके पर सिस्टा अध्यक्ष देवपाल मुंडा कन्हाई पासी विनोद महतो आदि मौजूद थे।

# प्रतिभा दर्शन महोत्सव जोन्हा का समापन

खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा।** टाटी मैदान में आयोजित दो दिवसीय क्षेत्रीय प्रतिभा दर्शन महोत्सव जोन्हा का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समापन हुआ। पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने कहा कि खेल व खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए आजसू पार्टी लगातार तत्पर है। केंद्रीय अध्यक्ष विधायक सुदेश कुमार महतो के निर्देश पर प्रतिभा दर्शन महोत्सव का आयोजन क्षेत्रीय स्तर पर किया जा रहा है। इससे स्थानीय खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलेगा। क्षेत्रीय स्तर पर प्रतिभा दर्शन महोत्सव के आयोजन होने से इसका लाभ बड़ी संख्या में स्थानीय खिलाड़ियों को मिलेगा। हमारा प्रयास है कि खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देकर उनके अंदर छिपी प्रतिभा को निखारा जाये। महोत्सव में बालक व बालिका दोनों वर्गों के लिए फुटबॉल क्रिकेट, बालीबॉल कबड्डी तीरंदाजी दौड़ सहित अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। फुटबॉल में सिंगारी विजेता गुटीडीह उपविजेता बालिका फुटबॉल में मुनगाडीह विजेता सिंगारी उपविजेता क्रिकेट में सारूगोढ़ी विजेता लेप्सर उपविजेता रहा। बॉलीवाल में पीटी स्पोर्टिंग टाटी विजेता व नेहरू युवा कल्ब जोन्हा उपविजेता रहा। मौके पर जिप अध्यक्ष निर्मला भगत जिप सदस्य राजेन्द्र शाही मुंडा आजसू केंद्रीय सचिव पारसनाथ उरांव संजय महतो मौजूद थे।



## पूर्व विधायक की जयंती पर सद्भावना बैडमिंटन टूर्नामेंट

**नामकुम।** शुक्रवार को खिजरी के पूर्व विधायक स्व उमराव साधो कुजूर की जयंती के अवसर पर सद्भावना बैडमिंटन टूनामेंट का आयोजन किया गया।

मैच का उद्घाटन उपमुखिया सुजीत सिन्हा,वार्ड सदस्य अशोक महतो और उमराव साधो कुजूर मेमोरियल ट्रस्ट की संरक्षक आरती कुजूर के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। टूर्नामेंट में युगल,मिश्रित युगल और एकल प्रतियोगिता के तहत मैच खेले गए। मैच ज्ञानभूमि नामकुम और फोर्टी प्लस क्लब नामकुम के बीच खेला गया, जिसमें ज्ञानभूमि नामकुम को विजेता और फोर्टी प्लस क्लब नामकुम उपविजेता रहा।

## जम्मू-कश्मीर के भ्रमण पर गये उदय बीएड कॉलेज के विद्यार्थी




**ओरमांझी।** उदय मेमोरियल बीएड कॉलेज नेवरी विकास की 33 छात्र-छात्राओं का जत्था शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर शैक्षणिक भ्रमण को गए। निदेशक राजेश कुमार कंडरवार ने बताया कि जम्मू-कश्मीर में धारा-370 हटने व आतंकी घटनाएं थमने के बाद से संस्थान के छात्र-छात्राएं काफी हर्षित थे। प्रशिक्षु कई छात्र-छात्राएं की हार्दिक इच्छा थी कि वे भी जम्मू-कश्मीर जाएं और वहां की सुंदर वादियों लुफ्त उठाएं। छात्राओं का उत्साहित देखते हुए इस वर्ष शैक्षणिक भ्रमण के लिए सभी को जम्मू-कश्मीर ले जाने का निणर्य लिया गया। वहीं सचिव संतोष महतो ने शैक्षणिक भ्रमण में जाने वाले सभी छात्राओं को लिए विदा किया, और कहा जम्मू कश्मीर के साथ-साथ देश में काफी बदलाव हुआ है। नया भारत में अब लोगों को अपने देश के किसी भी राज्य में जाने में डर नही है। शैक्षणिक भ्रमण में जाने वाले सत्र 2023-25 के 33 छात्र-छात्राओं के साथ निदेशक व कई कर्मी भी शामिल हैं।

## भाजपा के आदिवासी महासम्मेलन को लेकर चर्चा

**इटकी।** भाजपा एसटी मोर्चा इटकी मंडल की एक बैठक शुक्रवार को मंडल अध्यक्ष अनिल केरकेट्टा की अध्यक्षता में इटकी मोड़ में हुई। बैठक में आगामी 11 फरवरी को रांची में होने वाले पार्टी के आदिवासी महासम्मेलन को सफल बनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में महासम्मेलन को सफल बनाने के लिए गांव में जनजागरूकता अभियान चलाने व चौपाल लगाने के अलावा मंडल से अधिक से अधिक संख्या में लोगों को महासम्मेलन में ले जाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में मोर्चा के प्रभारी बैजनाथ मुंडा मंडल अध्यक्ष राजकुमार तिर्की एसटी मोर्चा महामंत्री बिमल केरकेट्टा राजकुमार महतो पवन कुमार गंगाराम महली पवन कुमार व अशोक गोप सहित अन्य मौजूद थे।

# प्रो प्रदीप अधिकारी बने केसीबी कॉलेज बेड़ो के नये प्राचार्य

**बेड़ो।** करमचंद भगत महाविद्यालय बेड़ो के नवनियुक्त प्राचार्य प्रो प्रदीप कुमार अधिकारी ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने उन्हें महाविद्यालय का प्राचार्य नियुक्त किया है। पूर्व सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ विंध्याचल राम ने उन्हें अपना पदभार सौंपा। इधर महाविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों व विद्यार्थियों ने नवनियुक्त प्राचार्य को शुभकामनाएं और बधाई दिया। साथ ही कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा के प्रति आभार जताया है। नवनियुक्त प्राचार्य प्रो प्रदीप अधिकारी ने कहा कि महाविद्यालय की वर्तमान संसाधन की कमी के वावजूद समुचित व्यवस्था मुहैया कराना, मूलभूत समस्याओं का समाधान, विद्यार्थियों की नियमित कक्षाएं, आदर्श शैक्षणिक वातावरण और स्वच्छता की सुनिश्चितता करना उनकी प्राथमिकता होगी। मौके पर डॉ अब्दुल अईयूब, डॉ देलोमई हंसदा, पूर्व प्राचार्य डॉ विंध्याचल राम, डॉ नूर लकड़ा, प्रो नवल किशोर शाही, इंद्रमोहन राय, डॉ राधा रमण प्रमाणिक, डॉ अरूण नाथ देवघरिया, प्रो नितेश पासवान, प्रो ब्रम्हानंद साहु, कर्मचारी संजय कुमार, दीपक उरांव, संतोषी कच्छप, मधु उरांव, बिरसा उरांव, शहजाद खान मौजूद थे।

# खलारी बीडीओ को दी गयी भावभीनी विदाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** राजीव गांधी सेवा केंद्र प्रखंड परिसर खलारी में प्रखंड विकास पदाधिकारी लेख राज नाग का विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस विदाई सह सम्मान समारोह की अध्यक्षता प्रखण्ड प्रमुख सोनी तिग्गा अथवा मंच का संचालन मुन्नू शर्मा व बीपीओ बिनय कुमार ने किया। सम्मान समारोह में खलारी प्रखण्ड के तमाम राजनीतिक दल वे नेता गणए जिला परिसद सदस्य मुखिया पंसस व ग्रामीण मौजूद थे। इस दौरान बीडीओ को शॉल अंगवस्त्र गुलदस्ता बुके व आकर्षक उपहार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर श्री नाग ने अपने संबोधन में कहा कि खलारी प्रखण्ड के तमाम जनप्रतिनिधियों अधिकारियों व ग्रामीण लोगों का सहयोग एवं प्यार हमेशा यादगार बना रहेगा। श्री नाग ने अपने भावुक क्षण में अपने उपस्थित कर्मी एवं जनप्रतिनिधियों से अनजाने में हुई किसी भूल के लिए क्षमा करने की भी बात कही। वहीं समारोह को संबोधित करते हुए उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने पूर्व बीडीओ की कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके दीघार्यु एवं सुखमय जीवन की कामना किये। बनाता चाहते है कि श्री लेख राज नाग का स्थानांतरण के साथ उच्च पद में योगदान देंगे। अभी वह गृह विभाग में रांची कार्मिक सेवा विभाग में वापस किया गया। कार्यक्रम में खलारी प्रखण्ड के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार ने सभी जनप्रतिनिधियों व कर्मियों के सहयोग से प्रखण्ड का विकास करने की बात कही। मौके पर मुखिया पुतुल देवी ललिता देवी सुनीता देवी पंसस मेनका देवी समाज सेवी सुरेंद्र यादव सत्यनारायण यादव हरिशंकर यादव एव जनप्रतिनिधियों अनिल पासवान मौजूद थे।



# अखंड हरिकीर्तन और धार्मिक अनुष्ठान से भक्तिमय हुआ बेड़ो



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो थाना परिसर स्थित थानावली बजरंगबली श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर का 28 वां वार्षिक स्थापना दिवस समारोह धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। थानावली बजरंग बली श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर स्थापना दिवस आयोजन समिति के संरक्षक और थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेंब्रम की देखरेख में धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। मंदिर के मुख्य पुजारी अशोक पण्डा ने विधिवत पुजा अर्चना करायी। इस दौरान वेद मंत्रोच्चार के बीच 24 घंटे का अखण्ड हरिकीर्तन का आयोजन किया गया। हरे राम हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे के अखंड उच्चारण के बीच कीर्तन मंडलियों ने दिन भर कीर्तन प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बनाया। इस दौरान बड़ी संख्या में जुटे श्रद्धालुओं ने आस्था और भक्ति के सागर में खूब गोता लगाया। साथ ही भंडारा का आयोजन किया गया।

# कला प्रदर्शनी में विज्ञान और धर्म-संस्कृति की दिखी झलक

### शाश्वत कॉलेज की छात्राओं ने विभिन्न राज्यों की नृत्य संस्कृति को किया प्रस्तुत

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** शाश्वत इंस्टीच्यूट ऑफ टीचर्स एजुकेशन हुटुप इरबा ओरमांझी में दो फरवरी को कला प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। कॉलेज के अटल, कलाम, गुरुनानक व मंडेला हाउस के छात्रों ने अलग-अलग स्टॉल लगा खुद से तैयार की सामाग्री के महत्व को बताया। ब्रह्मांड के विभिन्न ग्रहों के अलग-अलग महत्व व गुरुत्वा आकर्षण की जानकारी दी। वहीं कई छात्राओं ने झारखंड की आदिवासी परंपरा का चित्रण किया था। वहीं कई ने प्रकृति के अलावा श्रीराम व गौतम बुद्ध की सुंदर तस्वीर बना पुरस्कार जीते। इसके अलावा अलग-अलग हाउस द्वारा फूड स्टॉल भी लगाए गए थे, जिसमें विभिन्न राज्य के अलग-अलग व्यंजन बनाए गये थे। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा सांस्कृति नृत्य व प्रेरणा दायक नाटय भी प्रस्तुत किया गया। विभिन्न राज्यों के संस्कृति व महिला उत्पीड़न के खिलाफ नाटय प्रस्तुति की तालियां बजा कर सरहाना की गई। कला प्रदर्शनी व खेलकूद प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार देते हुए उप-प्राचार्च रूपेश कुमार ने कहा कला प्रदर्शनी अपने कल्पनाओं व प्रतिभा को सामने लाने का बेहतर अवसर है। कार्यक्रम में सहायक प्रोफेसर डॉ देशराज सिंह, डॉ विनीता कुमारी, डॉ रश्मिरती, डॉ अंजली कुमारी, ममता कुमारी, रूपेश कुमार, अपर्णा कुमारी मिश्रा, शिक्षक नागेंद्र कुमार व सुरेश यादव, रोहित कुमार सिंह व अन्य शिक्षणेत्तर कर्मी उपस्थित थे।



नृत्य प्रस्तुत करती प्रशिक्षु छात्राएं।

## चंपई सोरेन को झामुमो कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

**खलारी।** झारखंड के नए मुख्यमंत्री के रूप में चंपई सोरेन को मुख्यमंत्री बनने पर झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन एनके एरिया एवं झामुमो खलारी प्रखण्ड डकरा के ओर से हार्दिक. हार्दिक बधाई दिया गया। बधाई देनेवाले रंथू उराँव प्रदीप भोगता जगरनाथ महतो विक्रंम मिंज बालमुकुंद पाण्डेय श्रषिदेव प्रसाद विजय उराँव गुलाब राजभर बिरेंद्र सिंहए सुनील यादव अरुण यादव नन्दलाल उराँव लालचंद लोहरा रमेश तुरी मनोज मुंडाए दिलीप गंझू तानेशवर उराँव अमर भोगता आनन्द भोगता रंजीत भोगता सुरज मुणडा जगना उराँव शामिल हैं।

